VIATRIS

कालामोतिया (ग्लॉकोमा)

दृष्टि का मूक चोर

आईड्रॉप डालने का तरीका — क्या करें

आईड्रॉप डालने से पहले हाथों को साबुन और पानी से धोएं।

एक कुर्सी पर आराम से बैठ जाएं, सिर को पीछे की ओर झुकाएं और ऊपर छत की ओर देखें। बिस्तर पर लेटकर भी आईड्रॉप डाली जा सकती है।



नीचे वाली पलक को हल्का सा खींचके, जो थैली जैसा आकार बनता है, उसमें आईड्रॉप की 1 बूंद डालें।

आईड्रॉप डालने के बाद आँख को 2–3 मिनट बंद रखें। आँख से निकलने वाली अतिरिक्त आईड्रॉप को साफ कपड़े से पोंछ लें।



एक से अधिक आईड्रॉप्स को इस्तेमाल करते वक्त, 10–15 मिनट का अंतराल होना चाहिए।

VIATRIS

कालामोतिया (ग्लॉकोमा)

दृष्टि का मूक चोर

आईड्रॉप डालने का तरीका **क्या न करें**

शीशी की नोक को आँख, पलक या हाथों से न छुएं।

इस्तेमाल के बाद शीशी को खुला न रखें।



आईड्रॉप शीशी खोलने के लिए सेफ्टी पिन का इस्तेमाल न करें। शीशी के ढक्कन से ही नोज़ल में छेद बनाएँ।

[redacted]

VIATRIS

कालामोतिया (ग्लॉकोमा)

दृष्टि का मूक चोर

ग्लॉकोमा (कालामोतिया) ड्रॉप्स संबंधित विशिष्ट निर्देश

अपने डॉक्टर के द्वारा बताए गए निर्धारित समय पर ही ग्लॉकोमा आईड्रॉप्स डालें।

अगर आप आईड्रॉप्स डालना भूल जाते हैं, तो याद आने पर एक बूंद डाल सकते हैं।



जब तक डॉक्टर द्वारा दी गई सलाह में कोई बदलाव न हो तब तक आईड्रॉप का इस्तेमाल करना जारी रखें।

2 मिनट के लिए अपनी तर्जनी से आँख के अंदरूनी कोने और नाक के जंक्शन पर हल्का सा दबाव डालें।

आईड्रॉप्स डालने से तत्काल आँखों की रोशनी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। दवाई से आँख के प्रेशर (दबाव) को नियंत्रित किया जा सकता है और जितनी रोशनी है उसको बचाया जा सकता है।

कालामोतिया (ग्लॉकोमा)

दृष्टि का मूक चोर

आई ऑइंटमेंट (आँख का मलहम)

ऑइंटमेंट ट्यूब को आँख के पास (1 इंच) लाएँ।

आँख की निचली पलक को इस तरह धीरे से नीचे की ओर खिचें की इससे एक थैली सी बन जाए, ताकि उसमें बिल्कुल थोड़ा सा ऑइंटमेंट रखा जाए।

थोड़ा सा ऑइंटमेंट बाहर आ जाने पर, ट्यूब को थोड़ा सा घुमाएँ। इससे ट्यूब से ऑइंटमेंट आँख में चला जाएगा।

कुछ मिनटों के लिए पलकों को धीरे से बंद कर लें। ऑइंटमेंट के कारण कुछ मिनटों के लिए हल्का धुंधलापन महसूस हो सकता है, घबराएँ मत ऐसा होना आम बात है।

अगर आपको एक ही समय पर आईड्रॉप और आई ऑइंटमेंट का इस्तेमाल करना है, तो पहले आईड्रॉप का और फिर 5 मिनट बाद ऑइंटमेंट का इस्तेमाल करें।

VIATRIS

Scan QR code to read more about glaucoma

NON-2024-1571_IN

Disclaimer:

The information presented on this website is for general information and educational purposes only. The information provided is the property of Sankara Nethralaya, a unit of Medical Research Foundation ("SN"), Mylan Pharmaceuticals Private Limited, a Viatris Company, and respective other third parties. While every effort had been made to ensure that the information contained herein is accurate and up-to-date, Viatris doesn't not make any representation or assume any responsibility for the accuracy of any information disseminated through the content detailed herein and shall not be held liable for any error, omission and consequences – legal or otherwise, arising out of the use of any information provided herein and expressly disclaims any liabilities arising therefrom. Viatris has no control over the contents of any linked website and is not responsible for the websites or their content or availability. All copyrights, trademarks, and intellectual property rights pertaining to this website's content, design, and materials are expressly reserved. Nothing on this website should be construed as the giving of advice or the making of any recommendation and this website should not be relied upon as the basis for any decision or action. Please consult a duly qualified healthcare professional for any specific problem or matter which is covered by any information on this website, before taking any action.